एक नजर में

## माहेश्वरी युवा परिचय सम्मेलन की तैयारियां प्रारंभ



**इंदौर**. माहेश्वरी समाज के पितृ पुरूष गणेशनारायण भुराड़िया की स्मृति में स्थापित माहेश्वरी विवाह प्रकोष्ठ का 37 वां अखिल भारतीय युवा युवती परिचय सम्मलेन इस वर्ष 4 से 6 अक्टूबर को दस्तूर गार्डन पर संपन्न होगा. इस ऐतिहासिक परिचय सम्मलेन के लिए देश-विदेश से प्रविष्टियों के आने का क्रम शुरू हो गया है. सम्मेलन के लिए संयोजक व विभिन्न समितियों का गठन भी किया जा रहा है. संस्था के अध्यक्ष कमल भुराड़िया व मंत्री कल्याण मंत्री ने बताया कि इस विशाल सम्मलेन के लिए युवा दिनेश परवाल व गोपाल जाखेटिया को संयोजक तथा रेखा काकानी व पूनम मालपानी को सहसंयोजक मनोनीत किया गया है. परिचय सम्मलेन की पहली बैठक में तय किया गया कि इस बार पूरा परिचय सम्मलेन प्लास्टिक मुक्त होगा। साथ ही इस बार सभी प्रविष्टियां आनलाइन ही प्राप्त की जाएंगी. राम मूंदड़ा, मनीष बिसानी व रामकृष्ण जाखेटिया ने बताया कि विभिन्न समितियों की जिम्मेदारी इस बार महिलाओं को सौंपी जाएगी.

## कृपालु मेटल्स लिमिटेड का आईपीओ आज होगा बंद

**इंदौर** कृपालु मेटल्स लिमिटेड पीतल और तांबे से बने विभिन्न उत्पादों की एक तेजी से बढ़ती निर्माता कंपनी है. कंपनी का आईपीओ 8 सितंबर 2025 को खुला, जिसके माध्यम से वह 13.48 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखती है. यह इश्यू पूरी तरह से नया इश्यू है, जिसमें लगभग 0.19 करोड़ शेयर जारी किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत 13.48 करोड़ रुपये है. इस आईपीओ का उद्देश्य उत्पादन क्षमता बढ़ाना, कार्यशील पूंजी को मजबूत करना और सामान्य कॉर्पोरेट आवश्यकताओं को पूरा करना है. कृपालु मेटल्स लिमिटेड का आईपीओ 11 सितंबर को बंद होगा और शेयरों के आवंटन की प्रक्रिया 12 सितंबर 2025 को पूरी होने की उम्मीद है. कंपनी का यह आईपीओ बीएसई एसएमई पर सूचीबद्ध होगा. कृपालु मेटल्स लिमिटेड के आईपीओ का प्रति शेयर मूल्य 72 रुपए तय किया गया है. इस ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर फिनशोर मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड हैं, जबकि केमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त है। कंपनी का मार्केट मेकर अनंत सिक्योरिटीज है.

## टाटा प्ले आराधना के साथ अब भक्ति संगीत भी

**इंदौर**. देश में मनोरंजन की दुनिया में अपनी एक विशेष पहचान के साथ टाटा प्ले ने अपनी आध्यात्मिक पेशकशों का विस्तार करते हुए टाटा प्ले भक्ति संगीत की शुरुआत की है, यह 24/7 संगीत सेवा टाटा प्ले आराधना के अंतर्गत पेश की गई है. टाटा प्ले आराधना के उपभोक्ता 9 सितंबर से टाटा प्ले भक्ति संगीत का आनंद ले सकेंगे, जो उन्हें संपूर्ण भक्ति का एक समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा. टाटा प्ले भक्ति संगीत पर मंत्रों, जाप, भजन, कीर्तन, आरती, स्तोत्र, कथा आदि के साथ आध्यात्मिक संगीत का एक विस्तृत संग्रह उपलब्ध होगा. यह शंकर महादेवन, अनूप जलोटा, अनुराधा पौड़वाल, सुरेश वाडेकर एवं अन्य प्रतिष्ठित कलाकारों की आवाज में प्रार्थना, ध्यान और दैनिक पूजा के लिए एक अनुकूल और भक्तिमयी वातावरण प्रदान करेगा. भक्ति संगीत के अलावा, टाटा प्ले आराधना पर भक्त पौराणिक महाकाव्य, जैसे रामायण, महाभारत आदि देख सकते हैं।. टाटा प्ले आराधना और भक्ति संगीत 9 सितंबर से केवल 75 रुपये प्रतिमाह में उपलब्ध होंगे।

## पिलग्रिमेज यात्राओं की तेज़ बढ़त

**इंदौर**. पिलग्रिमेज यात्राएं भारत की ट्रैवल और टूरिज़्म इंडस्ट्री का एक तेजी से बढ़ता हुआ सेगमेंट बनकर उभर रहा हैं. मेकमाईट्रिप की पिलग्रिमेज ट्रैवल ट्रेंड्स 2024-25 के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में 56 प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों पर होटल और स्टे की बुकिंग में 19% की वृद्धि दर्ज की गई. इनमें से 34 गंतव्यों ने डबल-डिजिट ग्रोथ और 15 गंतव्यों ने 25% से अधिक वृद्धि दर्ज की. यह दर्शाता है कि आध्यात्मिक यात्राएं अब यात्रा मांग की एक सशक्त प्रेरक शक्ति बन रही हैं. मेकमाईट्रिप के को-फाउंडर और ग्रुप सीईओ राजेश मागो ने पिलग्रिमेज ट्रैवल ट्रेंड्स 2024-25 पर टिप्पणी करते हुए कहा पिलग्रिमेज यात्रा हमेशा से हमारी संस्कृति का हिस्सा रही है, लेकिन आज इसकी सबसे बड़ी विशेषता है इसका विस्तार और लगातार बढ़ती मांग. बेहतर कनेक्टिविटी और हर उम्र व आय वर्ग के लोग पिलग्रिमेज-आधारित यात्राओं की योजना बना रहे हैं. यही बढ़ती मांग अब यात्रियों की उम्मीदों को और व्यापक बना रही है और यात्रा उद्योग को ऐसे नए समाधान अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है, जो खासतौर पर पिलग्रिमेज यात्रियों की ज़रूरतों को पूरा करें.

## श्रीनाथ मन्दिर में सक्षम देवले का शास्त्रीय गायन 13 को



**इंदौर**. शास्त्रीय गायन में उज्जैन के सुपरिचित देवले परिवार की चौथी पीढ़ी के प्रतिनिधि युवा कलाकार सक्षम देवले का गायन 13 सितंबर की शाम को 7.30 बजे श्रीनाथ मन्दिर परिसर में होगा. संस्थान के सचिव संजय गो. नामजोशी ने बताया कि सक्षम ने मात्र 4 वर्ष की उम्र में देवले परिवार में शास्त्रीय और उप - शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेना शुरू की. बाद में दादा सुधाकर देवले से उन्होंने संगीत की बारीकिया सीखी. संस्कृति संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली से छात्रवृति प्राप्त युवा गायक सक्षम बीते 9 वर्षो से देश के विभिन्न शहरों में एकल संगीत प्रस्तुति दे रहे है। सह गायक में विभान्त देवले होंगे.


## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर लेकर आया नवरात्रि ऑफर

**इंदौर**. नवरात्रि के शुभ अवसर पर ग्राहकों की खुशियों को बढ़ाने के लिए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने डबल बोनांजा ऑफर की घोषणा की है. हाल ही में कारों और एसयूवी पर जीएसटी दर में कमी का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के बाद, अब कंपनी लेकर आई है 'अभी खरीदें और 2026 में भुगतान करें' का विशेष ऑफर. यह पश्चिमी क्षेत्र के ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा. इस ऑफर और जीएसटी राहत के कम्बाइंड बेनिफिट्स के साथ अब आपके पसंदीदा टोयोटा वाहन जैसे अर्बन क्रूजर हायराइडर, टोयोटा ग्लेंजा, और टोयोटा टैसर को घर ले जाना और भी आसान हो गया है. जीएसटी दर में कमी 22 सितंबर से लागू होगी, जबकि अभी खरीदें और 2026 में भुगतान करें' ऑफर 30 सितंबर 2025 तक पश्चिमी भारत के सभी अधिकृत टोयोटा डीलरशिप (महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और गोवा) में उपलब्ध है.

## हैरियर .ईव्ही क्वाड डे ऑफ-रोड एक्सपीरियंस, इंदौर में

**इंदौर**. 4-व्हीलर ईवी निर्माता टाटा मोटर्स, ऑटोमोबाइल प्रेमियों के लिए एक रोमांचक ड्राइविंग अनुभव लेकर आ रही है- हैरियर .ईव्ही क्वाड डे, जो 13 और 14 सितंबर को स्कीम 140, वैष्णो धाम मंदिर, संजना पार्क के पास, इंदौर में आयोजित होगा. इस विशेष आयोजन में प्रतिभागी हैरियर .ईव्ही की किसी भी इलाके में जाने वाली ऑफ-रोड क्षमता, सुपरकार जैसी अद्वितीय परफॉर्मेंस, लग्ज़री आराम और एडवांस तकनीक- सब कुछ एक ही रोमांचक सेटअप में अनुभव कर सकेंगे. कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागी प्रोफेशनल प्रशिक्षकों के साथ हैरियर .ईव्ही की पावर, कंट्रोल और फुर्ती का अनुभव करेंगे, जब यह एक विशेष रूप से तैयार ऑफ-रोड ट्रैक से गुजरेगी. इस ट्रैक पर, यात्री कई रोमांचक टेस्ट के जरिए हैरियर .ईव्ही की क्षमताओं को जानेंगे. इस कोर्स का समापन एक रोमांचक ट्रेंच क्रॉसिंग के साथ होगा, जो फोटो के लिए यादगार पल देगा। प्रतिभागी समन मोड और ऑटो पार्क असिस्ट जैसी सुविधाओं का भी अनुभव कर सकेंगे.

## रोल बॉल को मिला ग्लोबल मंच



**इंदौर**. दुबई की हल्की-हल्की रोशनी में इंडिया क्लब जगमगा रहा था. मंच पर नज़रें टिकी थीं क्योंकि यहां से शुरू हो रहा था एक नया खेल सफर, इंडियन रोल बॉल लीग का. यह वही रोल बॉल है, जो पुणे की गलियों से निकलकर अब दुनिया के 50 से ज्यादा देशों तक पहुँच चुका है. दुबई की जानी-मानी हस्तियों, रीगल ग्रुप के अध्यक्ष वासु श्रॉफ ने इस कार्यक्रम की मेज़बानी की. जीबीएएफ के अध्यक्ष सी.एस. भाटिया भी उपस्थित थे. इंग्लैंड के पहले अश्वेत क्रिकेटर और मशहूर कमेंटेटर रोनाल्ड बुचर और 1983 विश्व कप के नायक मदन लाल मौजूद थे. दोनों दिग्गजों ने जब रोल बॉल की तारीफ़ की, तो माहौल और भी खास बन गया. मदन लाल बोले भारत ने हमेशा कुछ नया दिया है. रोल बॉल उसी परंपरा का हिस्सा है. इसमें जोश है, फिटनेस है और युवाओं के लिए नया आकर्षण है. रोनाल्ड बुचर ने कहा रोल बॉल में जो ऊर्जा और मनोरंजन है, वह आज के युवा चाहते हैं. इसे दुबई जैसे शहर से लॉन्च होते देखना मेरे लिए बेहद यादगार है.

# पीएम टेक्सटाईल पार्क का प्रधानमंत्री करेंगे भूमिपूजन

- धार जिले के बदनावर तहसील में नया औद्योगिक क्षेत्र
- 2 लाख लोगों को रोजगार मिलने का दावा




नव भारत न्यूज

**इंदौर. देश के पहले पीएम टेक्सटाइल पार्क का अगले सप्ताह प्रधानमंत्री भूमिपूजन करेंगे. यह टेक्सटाइल पार्क धार जिले की बदनावर तहसील में आकर ले रहा है. उक्त टेक्सटाइल पार्क मालवा और निमाड़ की बुनियाद को साझा कर औद्योगिक रूप में विकसित हो रहा है. उक्त पार्क से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे. पार्क में रेडिमेड वस्त्र निर्माण की फैक्ट्रियां उद्योगपतियों द्वारा लगाई जाएगी. यहां निर्मित रेडिमेड वस्त्र देश के बाहर निर्यात किए जाएंगे.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितम्बर को बदनावर के भैंसोला गांव में देश के पहले टेक्सटाइल पार्क की आधारशिला रखेंगे. इस पार्क में रेडिमेड वस्त्र निर्माण किया जाएगा. वस्त्र निर्माण फैक्ट्रियों में मालवा की अधोसंरचना और निमाड़ कॉटन का उपयोग कर वस्त्र निर्मित होंगे. उक्त पार्क से किसानों के साथ ही युवाओं, महिलाओं और श्रमिकों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे. प्रदेश में रेडिमेड उद्योग लगाने से 2 लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है. इस पार्क की खासियत यह है कि फार्म से फाइबर और फैशन से फैक्टरी तथा फॉरेन की अवधारणा को पूरा करने की शुरुआत शासन द्वारा लगभग 2 वर्ष पहले शुरू की गई है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दुबई, स्पेन और देश के लुधियाना, कोलकाता में निवेशकों को साथ संपर्क कर चुके है. प्रदेश में रेडिमेड उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ी अहम कड़ी साबित हो सकता है.

### निमाड़ कपास उत्पादक किसानों को मिलेगा अवसर

भैंसोला में आकार ले रहे टेक्सटाइल पार्क के सबसे करीब और सहयोगी के रूप में निमाड़ के किसान और कपास है. किसानों को वस्त्र निर्माण पूर्ति के लिए कपास उत्पादन में पैदावार बढ़ाने में सहायक होगा। इसके पहले किसानों पहले कभी नहीं मिले है. कृषि विभाग की जानकारी अनुसार इंदौर संभाग के बड़वानी, खरगोन, खंडवा बुरहानपुर और धार के किसानों द्वारा 5 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबे में कपास की खेती की जाती है. पीएम मित्रा योजना के तहत निर्मित हो रहे इस पार्क का उद्देश्य भी यहीं है कि पूरे देश में एकीकृत टेक्सटाइल वैल्यू चेन को एक ही स्थान पर विकसित करना है. यानी निमाड़ के खेतों में पैदा होने वाले कपास को बदनावर में फाइबर का रूप दिया जाए. उक्त योजना पाँच एफ पर आधारित है, इसमें फॉर्म, फाइबर, फैक्ट्री, फैशन और फॉरेन तक की अवधारणा को पूरा किया जाएगा.

### पार्क की वर्तमान निर्माण कार्य की स्थिति निम्नानुसार है...

राज्य और भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ पीएम मित्रा पार्क मध्यप्रदेश लिमिटेड नामक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) का गठन किया गया है. साथ ही, इंडियन कॉटन फेडरेशन, साउदर्न इंडिया मिल्स एसोसिएशन, तिरुपुर एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन और टैक्सटाइल मर्चेंट एसोसिएशन, दुबई जैसी प्रमुख औद्योगिक संस्थाओं के साथ भी एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके है. निर्माण कार्य तेजी से चल रहा हैं, जहां 60 प्रतिशत साइट लेवलिंग और पार्क के मुख्य द्वार का निर्माण पूरा हो चुका है. राज्य राजमार्ग-18 से करीब 1.4 किमी लंबी छह लेन की सम्पर्क सड़क, बदनावर से 220 के.व्ही. की पावर लाइन और माही डैम से 20 एमएलडी जलापूर्ति योजना का काम जारी हैं.

# ग्रैंड यूरो होटल का स्वीकृति के विपरीत अवैध निर्माण तोड़ा

- नगर निगम ने की पिपलियाहाना क्षेत्र में कार्रवाई
- शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम ने बारिश के बाद शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. इसी के तहत आज पिपलियाहाना में स्वीकृति के बिना किए अवैध निर्माण को तोड़ा गया.**



नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण हटाने की कारवाई के तहत आज पिपलियाहाना रिंग रोड पर ग्रैंड यूरो होटल को तोड़ा गया. निगम अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया ने बताया कि जोन क्रमांक 19, वार्ड क्रमांक 41 अंतर्गत स्कीम नंबर 94, पिपलियाहाना चौराहे के पास भवन स्वामी राजेश जैन एवं तनमय जैन द्वारा सर्विस रोड पर स्वीकृति के विपरीत निर्माण कर 'ग्रैंड यूरो' नाम से होटल संचालित किया जा रहा था. भवन स्वामी द्वारा लगभग 1500 वर्गफीट एवं 3000 वर्गफीट क्षेत्रफल में अवैध निर्माण कर व्यावसायिक गतिविधियाँ चलाई जा रही थीं. नियमों के विपरीत किए अवैध निर्माण को नगर निगम रिमूवल दस्ते ने तोड़ने की कार्रवाई की है. कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी विशाल राठौर, भवन निरीक्षक अतुल श्रीधर, रिमूवल सहायक बबलू कल्याणे सहित निगम कर्मचारियों का अमला मौजूद था.




# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संतृप्ति शिविर का आयोजन

इंदौर. भारत सरकार के वित्तिय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा लोहाना के द्वारा ग्राम पिपलु, तहसिल बड़नगर, जिला उज्जैन में संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख आर के सिंह, उपक्षेत्रीय प्रमुख प्रबोध जैन, लोहाना के शाखा प्रमुख सुनिल यादव उपस्थित थे. कार्यक्रम में बड़नगर के जनपथ सदस्य अखिलेश बारोड़ एवं ग्राम सेवक (कृषि विभाग) चेतन भी मौजूद थे. शिविर में ग्राहकों को री-केवायसी तथा समाजिक सुरक्षा योजनाओं की सुविधा प्रदान की गई. इस शिविर में 300 से अधिक ग्राहकों ने भाग लिया. इसमें नामांकन अद्यतनीकरण, डिजिटल धोखाधड़ी और शिकायत निवारण के बारे में जागरूकता फैलाने जैसे पहलुओं को शामिल किया गया.

# कनाडिया गांव की पहाड़ी पर विकसित होगा पहला ऑक्सीजन गार्डन

- मुख्यमंत्री यादव और केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 14 सितम्बर को लगाएंगे पौधे
- मंत्री सिलावट ने निरीक्षण कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के कनाड़िया गांव की पहाड़ी पर प्रदेश का पहला ऑक्सीजन गार्डन बनाया जाएगा. उक्त गार्डन में ऑक्सीजन देने वाले एक लाख पौधें लगाएं जाएंगे. पौधें लगाने का शुभारंभ मुख्यमंत्री यादव और केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 14 सितंबर को करेंगे.**



कनाडिया पहाड़ी की जमीन पर पौधे लगाने को लेकर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने आज दौरा किया. सिलावट ने बताया कि प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए उक्त ऑक्सीजन गार्डन विकसित किया जा रहा है. उक्त गार्डन में 14 सितम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पौधारोपण करेंगे. साथ ही 'एक बगिया मां के नाम' योजना के तहत उक्त गार्डन फलदार पौधों का भी रोपण किया जाएगा. पर्यावरण सुधार और हरित भारत के तहत देश में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में 141 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है. मंत्री सिलावट ने आज कनाड़िया पहाड़ी का निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कनाड़िया स्थित गुलमर्ग परिसर के पीछे 28 बीघा पहाड़ी क्षेत्र पर एक लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। प्रमुख रूप से नीम, पीपल, बरगद, शीशम, कदम, करंज, सिंदूर, मोरसली, कोअर्जुन, टेबोबिया, अशोक, कचनार, उंबर आदि तथा फलदार पौधों में आम, सीताफल, जामफल, जामुन, आंवला, शहतूत, कटहल, बादाम, महुआ, पारसपीपल, रेन ट्री आदि प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे. उक्त गार्डन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पक्षियों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा. उक्त क्षेत्र में पौधों को पोषण एवं जीवित रखने हेतु गुलमर्ग परिसर के ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की पाईप लाइन डालने के निर्देश भी दिए हैं.

### जनभागीदारी से पूरा करने का लक्ष्य

उक्त अभियान शहर के प्रबुद्धजन, पद्मश्री एवं पद्मभूषण, व्यापारी संगठन, समाजसेवी, धर्मगुरु, किसान संगठनों तथा जनभागीदारी से पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम जनकार्य राजेन्द्र राठौर, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, जनपद अध्यक्ष विश्वजीत सिसोदिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

# वास्तविक विकास संस्कृति, मूल्य और ज्ञान परंपरा से संभव

- भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का समापन

**इंदौर. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 'विकसित भारत के संदर्भ में भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का सफल आयोजन हुआ. इस संगोष्ठी में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 300 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए.**




प्रारंभिक सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी थे. विशेष अतिथि के रूप में महिला शिक्षा कार्य की राष्ट्रीय प्रमुख शोभा ताई पैठनकर और मध्य क्षेत्र संयोजक ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित रहे. अध्यक्षता उच्च शिक्षा इंदौर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. आर.सी. दीक्षित ने की. समापन सत्र दोपहर में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कार्यपरिषद सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी थे. विशिष्ट अतिथि डॉ. सचिन शर्मा एवं समाजसेवी विनोद विदला थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ममता चंद्रशेखर ने की. समापन अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. ए.के. द्विवेदी ने कहा कि भारत का वास्तविक विकास केवल तकनीकी और आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, मूल्य और ज्ञान परंपरा से संभव है. उन्होंने योग, आयुर्वेद और होम्योपैथी जैसी परंपरागत चिकित्सा प्रणालियों की वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यही भारत को विश्वगुरु बनाने में सहायक होंगी.

### प्रमाण पत्र वितरित किए

इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए. डॉ. सचिन शर्मा एवं विनोद विदला ने भी विचार व्यक्त किए. प्राचार्य डॉ. ममता चंद्रशेखर ने सभी का आभार व्यक्त किया.

# यूपी का लहजा सीखना रहा चुनौतीपूर्ण : दिव्या

- फिल्म एक चतुर नार के कलाकार प्रमोशन के लिए शहर आए

**इंदौर.** फिल्म के लिए मैंने स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद से ही तैयारी शुरू कर दी थी. यूपी की भाषा का लहजा पकड़ना बहुत चुनौतीपूर्ण था. इसके लिए कई लोगों से मिली. वर्कशॉप्स भी की. मेरा किरदार स्लम्स का था इसलिए वैसा दिखना भी महत्वपूर्ण था. इसलिए निर्देशक के साथ वहां भी गई और उनका रहन-सहना देखा. कुल मिलाकर फिल्म की तैयारी चुनौतीपूर्ण थी.

यह कहना है अभिनेत्री दिव्या खोसला का. वे अपनी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'एक चतुर नार' के प्रमोशन के लिए फिल्म के कलाकार नील नितिन मुकेश के साथ आज इंदौर आई थी. इस दौरान उन्होंने फैंस से मुलाकात की और मीडिया से बातचीत की. दोनों कलाकारों ने फिल्म से जुड़ी कई दिलचस्प बातें साझा कीं. दिव्या ने बताया कि यह पूर्ण मनोरंजक फिल्म है. हर 6-7 मिनट में एक ट्विस्ट आएगा. गरीब और अमीर वर्ग के बीचे की कहानी है. भारत की जमीन से जुड़ी फिल्म है इसलिए हर कोई इससे कनेक्ट कर पाएगा. इसमें बताया है पैसा या पॉवर से कोई ऊपर नहीं होता है. जो चतुर होता है वह सबसे ऊपर होता है. दिव्या ने कहा यह फिल्म हंसी-मजाक के साथ एक ऐसी सोच को सामने लाती है, जो समाज में प्रचलित है लेकिन जिस पर खुलकर बात नहीं होती। हम उम्मीद करते हैं कि यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों को पसंद आएगी.




### कॉमेडी करना आसान नहीं : नील

नील नितिन मुकेश ने बताया कि अभिषेक वर्मा का किरदार निभा रहा हूं. जो कि कॉर्पोरेट कंपनी से संबंध रखता है. इसमें मैं पहली बार कॉमेडी किरदार कर रहा हूं. यह सिचुएशनल कॉमेडी है. जिसमें मेरा किरदार जिस दौर से गुजर रहा है उसी को देखकर लोग हंसेंगे. यह नेचरल तरीके से आती है. इसके लिए प्रेक्टिव भी नहीं की जा सकती. सीधी-सीधी कॉमेडी नहीं है. इसलिए मेरा मानना है कि कॉमेडी आसान नहीं है. फिल्म में हमने बताया है कि छोटे-गरीब आदमी को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए. वह अपनी वाली पर आ जाए तो कुछ भी कर सकता है. वहीं आज की युवा पीढ़ी शार्ट कट लेना चाहती है. उस पीढ़ी को ध्यान में रखकर यह फिल्म बनी है. नील ने बताया कि फिल्म के लिए मैंने बॉडी लैंग्वेज पर काम किया. इसमें नार्मल रहते हुए भी विलेन की तरह दिखना है क्योंकि मेरा किरदार न विलेन है न हीरो लेकिन सिचुएशनल विलेन है. विलेन के किरदार निभाना भी आसान नहीं है क्योंकि आखिरी में हारता विलेन ही है.



# आदिनाथ भगवान के चरणों मे पत्रिका समर्पित

**इंदौर**. अभा जैन श्वेताम्बर सोशयल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन के नेतृत्व में 15वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस की आमंत्रण पत्रिका का मुहूर्त दादा आदिनाथ मंदिर पिपली बाजार के प्रांगण इंदौर पर सपन्न हुआ. उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने नवकार मंत्र के जाप से दादा आदिनाथ भगवान के चरणों मे पत्रिका समर्पित की.

कार्यक्रम का प्रारंभ मंगलाचरण से हुआ राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन ने स्वागत उद्बबोधन में सबको कॉन्फ़्रेंस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए अधिवेशन में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की और सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया. शुभ मुहूर्त में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में निवृत्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र संचेती, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश भटेवरा, राजेंद्र जैन, संजय नाहर कार्याध्यक्ष नरेन्द्र भंडारी, कॉन्फ्रेंस चेयरमैन अभय बाफ़ना, महासचिव वीरेंद्र नाहर, किरण सिरोलिया अरिहंत जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश जैन, चेयरमैन प्रभात चोपड़ा, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, बिंदिया मेहता, कल्पना पटवा एकता जैन आदि उपस्थित थे. मंगलपाठ प्रकाश भटेवरा ने श्रवण करवाया.

एक नजर में | बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा भक्तमाल कथा का आयोजन

# गिरिराजधरण की जय से गूंज उठा कथा पांडाल

**इंदौर. कथा वाचक के साथ साथ श्रोताओं का भी चैतन्य होना जरूरी है. तभी ये कथा अनुष्ठान की सार्थकता है वरना हम निष्फल भक्ति में डूबे हुए लगते है.**



यह बात प्रसिद्द कथावाचक संजय कृष्ण त्रिवेदी बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी महिला एवं सखी संगठन के तत्वावधान में अक्षत गार्डन पर आयोजित श्री भक्तमाल कथा के दूसरे दिन व्यक्त किए. भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ कथा का रसपान किया. गोदा विवाह उत्सव के प्रसंग पर भजन, कीर्तन और जयघोष के बीच वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया. महिला संगठन की अध्यक्ष माधुरी सोमानी, सचिव रेखा काकानी एवं सखी संगठन की पायल लाठी एवं रश्मि लड्ढा ने बताया कि उत्सव के दूसरे दिन आज गिरिराज पर्वत धारण, 56 भोग दर्शन का उत्सव धूमधाम से मनाया गया. गोवर्धन परिक्रमा के समय पूरा पंडाल गिरिराज धरण की जय के उद्घोष से गूंज उठा. उपस्थित श्रोतवृंद भजनों की धुनों पर थिरक उठे. इस अवसर गीता मूंदड़ा, सुशीला काबरा, कमल राठी, रमा शारदा, डिम्पल माहेश्वरी व पुष्पा मौलसरिया सहित बड़ी संख्या में हर क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित थीं.

### आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

संयोजक कृष्णा बाहेती, प्रियंका भलिका, नीलू मालपानी, सुमन सोनी और उषा चौधरी ने बताया कि 11 सितम्बर को विशाल जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव उत्सवपूर्वक मनाया जाएगा. आयोजन शाम 5 बजे होगा. ढोल धमाकों के बीच भगवान जगन्नाथ, बालभद्र एवं सुभद्रा को एक सुसज्जित रथ में विराजित किया जाएगा.